नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 07 Oct 2024 - 07dmt2
epaper.navabharat.news

# ऐक्जैक्ट फाउंडेशन रूद्री में की गई सफाई



**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा ऐक्जैक्ट फाउंडेशन रूद्री में कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिसर की साफ सफाई की गई जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक 2 किलो तथा अन्य प्रकार के प्लास्टिक 1 किलो एकत्रित किये गये। इसके पश्चात दिव्यांग बच्चों के साथ खेल खेले गये। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रस्तुतिकरण दिया। दिव्यांग बच्चों में चंचल एवरेस्ट क्लाईम्बर, वर्षा हस्त रहित चित्रकार, जयश्री दृष्टिबाधित गायिका एवं सेवती दृष्टिबाधित जूडो फाइटर है। यह बच्चे सामान्य व्यक्तियों को जीवन जीने की नयी आशा देते है। संस्थान की संचालिका लक्ष्मी सोनी, शशी निर्मलकर, रूबी कुर एवं देवश्री जोशी का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में आकांक्षा मरकाम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षक तोमन साहू, रेखा साहू, रेवती साहू, गीतांजली, रेखा फूटान तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक वीभा, केसर, मोनिका, ओम, संकेत, योगेंद्र, कुलदीप, परमानंद, संदीप, रविकांत, भूमिका, ललिता, बीणा, सोनम, अभिलाषा, लोचन, खुशी, खिलेंद्र, सौरभ, गोपेश्वर और माधुरी की उपस्थिति रही।

पत्रिका

कार्यक्रम : सफाई के दौरान निकला प्लास्टिक, बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

# रोसेयो ने एक्जेक्ट फाउंडेशन में की सफाई

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**धमतरी.** शासकीय पीजी कालेज धमतरी में प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं रासयो की कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम, इकाई क्रमांक दो के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा है पोषण आहार माह के परिप्रेक्ष्य में एकजैक्ट फाउंडेशन रूद्री में स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत परिसर की साफ-सफाई की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक 2 किलो तथा अन्य प्रकार के प्लास्टिक 1 किलो एकत्रित किए गए। इसके पश्चात दिव्यांग बच्चों के साथ खेल खेले गए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रस्तुतिकरण दिया। इन में शारीरिक कमजोरी मूक-बधिर बाधित, मानसिक रूप से अक्षम एवं अस्थि बाधित होते हुए भी यह बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। उन्होंने अपनी कमजोरी को ताकत बना लिया, जिसमें से चंचल एवरेस्ट क्लाईम्बर, वर्षा हस्त रहित चित्रकार, जयश्री दृष्टिबाधित गायिका एवं सेवती दृष्टिबाधित जूडो फाइटर है। यह बच्चे सामान्य व्यक्तियों को जीवन जीने की नई आशा देते है। पोषण आहार माह के अंतर्गत बच्चों को स्वल्पाहार करवाया गया तथा कुपोषित पोषित बच्चों की जानकरी ली गई बच्चे कुपोषित नही पाए गए। कार्यक्रम को सहयोग बनाने में संस्थान की संचालिका लक्ष्मी सोनी, शशि निर्मलकर, रूबी कुर्रे एवं देवश्री जोशी आदि का सहयोग रहा। मौके पर आकांक्षा मरकाम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षक तोमन साहू, रेखा साहू, रेवती साहू, गीतांजली, रेखा फूटान तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक वीभा, केसर, मोनिका, ओम, संकेत, योगेंद्र, कुलदीप, परमानंद, संदीप, रविकांत, भूमिका, ललिता, वीणा, सोनम, अभिलाषा, लोचन, खुशी, खिलेंद्र, सौरभ, गोपेश्वर और माधुरी आदि मौजूद रहे

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

NAAC GRADE-'B+' | AISHE CODE- C-21763 | दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक .27/09/2024

## :: सूचना ::

महाविद्यालय के रासेयो के समस्त स्वयं सेवको को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.09.2024 को सुबह 03:00 बजे में पोषण आहार सप्ताह अभियान के तहत एक्जेक्ट फॉउडेंशन रूद्री में पोषण आहार संबंधी कार्यक्रम किया जाना है। अतः सभी स्वयं सेवक अनिवार्यतः उपस्थित रहेंगें।

प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला धमतरी (छ.ग.)